डॉ सोमनाथ वडनेरे को 2016 का उत्कृष्ट पत्रकार पुरस्कार

न्यू मीडिया टेक्नॉलॉजी, नशामुक्ती तथा सामाजिक विषयपर प्रभावी लेखन हेतु सन्मानित

जलगांव : (दि. 6 जनवरी - पत्रकार दिवस) जलगांव जिला पत्रकार संघ का वर्ष 2016 का ***उत्कृष्ट पत्रकार पुरस्कार*** जलगांव के **डॉ. सोमनाथ वडनेरे** को प्रदान किया गया । उन्हे न्यू मीडिया टेक्नॉलॉजी, नशामुक्ती, पर्यावरण रक्षा, बेटी बचाव तथा अन्य सामाजिक विषय पर प्रभावी लेखन हेतु पत्रकार दिवस के अवसर पर विशेष समारोह में सम्मानित किया गया ।

मराठी प्रथम समाचार पत्र दर्पण के आद्य पत्रकार बालशास्त्री जांभेकर का जयंती दिवस महाराष्ट्र में पत्रकार दिवस के रुप में मनाया जाता है, इस अवसपर पर **जलगांव जिला पत्रकार संघद्वारा** सन 2016 में विभिन्न विषयोंपर सर्वाकृष्ट लेखन करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाता है, इस वर्ष डॉ. सोमनाथ वडनेरे को सम्मानित किया गया । उन्होंने जलगांव जिला तथा राज्यस्तरीय विभिन्न समाचार पत्रों में न्यू मीडिया टेक्नॉलॉजी, नशामुक्ती, पर्यावरण रक्षा, बेटी बचाव तथा अन्य सामाजिक विषय पर प्रभावी लेखन किया । जिला पत्रकार भवन के हॉल में नागपूर के ज्येष्ठ पत्रकार चंद्रकांत वानखेडे, विधायक सुरेश भोळे, विधायीका स्मिता वाघ, जलागंव जिला पत्रकार संघ के अध्यश दिलीप तिवारी, ज्येष्ठ पत्रकार अनिलदादा पाटील, पूर्व अध्यक्ष उदय वाघ, विजय बापू पाटील, लोकमत के व्यवस्थापक प्रविण चोपडा तथा अन्य मान्यवरों द्वारा उनका सम्मान किया गया ।

ज्ञातव्य रहे की, डॉ. सोमनाथ वडनेरे ने पत्रकारिता में स्वर्णपदक के साथ पीएच्.डी. उपाधी हांसील की है, तथा उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय जलगांव में सेवा देने के साथ ब्रह्माकुमारीज् मीडिया विंग के माध्यम समन्वयक के रूप में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है । संचार माध्यमों में मूल्यों को अधिक्रम करने वाली सोसायटी ऑफ मीडिया इनिशिएटीव फार वैल्यूज के महाराष्ट्र राज्य समन्वयक के रुप में भी आप कार्य कर रहे है ।